# Daily Current Affairs

Date : 06 January, 2026

CIVIL SERVICES

# अनुक्रमणिका

| क्र. सं. | टॉपिक का नाम |
|---|---|
| 1. | पंडित झाबरमल शर्मा पत्रकारिता पुरस्कार |
| 2. | जनवरी, 2026 में आयोजित होने वाले प्रमुख कार्यक्रम |
| 3. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. राजस्थान डिजिफेस्ट टाई ग्लोबल समिट-2026 के मुख्य सत्र और मुख्य वक्ता (05/01/2026)<br>2. राष्ट्रीय (जूनियर) घुड़सवारी प्रतियोगिता<br>3. 17वीं जूनियर रोलबॉल राष्ट्रीय चैंपियनशिप में राजस्थान<br>4. जोधपुर में 'राज्य स्तरीय महिला उद्यमी सम्मेलन'<br>5. राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह<br>6. सरस राजसखी राष्ट्रीय मेला में 3 व्यक्तित्व सम्मानित<br>7. राजस्थान स्टेट सीनियर शूटिंगबॉल चैम्पियनशिप<br>8. सोलहवीं विधानसभा का पंचम सत्र<br>9. 69वीं नेशनल स्कूल गेम्स हॉकी (अंडर-19 बॉयज) चैंपियनशिप |
| 4. | वेनेज़ुएला की नई राष्ट्रपति: डेल्सी रोड्रिगेज़ |
| 5. | क्रिप्टोकरेंसी और तुर्कमेनिस्तान |
| 6. | पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय : वर्ष 2025 की समीक्षा |
| 7. | सुर्यास्त्र रॉकेट प्रणाली |
| 8. | धान उत्पादन : भारत वैश्विक स्तर पर सबसे बड़ा उत्पादक |
| 9. | विश्व ब्रेल दिवस: 4 जनवरी |
| 10. | मनोज कोठारी : निधन |
| 11. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. शोर्ड मारिन : हॉकी<br>2. मिनी अर्थ ऑब्जर्वेशन सैटेलाइट<br>3. संजय टाकले<br>4. रिज़र्व बैंक और दिल्ली सरकार के मध्य समझौता ज्ञापन<br>5. 'खुत्बात-ए-मोदी' पुस्तक<br>6. सौर सेल अंशांकन मानक सुविधा : भारत, विश्व में पाँचवाँ देश<br>7. मोरी-5 कुएं से गैस रिसाव |




उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## राजस्थान परिदृश्य

### पंडित झाबरमल शर्मा पत्रकारिता पुरस्कार

**चर्चा में क्यों?**



- हाल ही में, पत्रिका समूह की ओर से जयपुर में पंडित झाबरमल शर्मा स्मृति व्याख्यानमाला और पत्रकारिता पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया।

**मुख्य बिन्दु:**

- **समारोह के मुख्य वक्ता :** केन्द्रीय विधि आयोग के अध्यक्ष जस्टिस दिनेश माहेश्वरी।

**पुरस्कार विजेता :**

**कहानी पुरस्कार:**

- **प्रथम पुरस्कार :** फारूक आफरीदी (जयपुर) (कहानी - 'जीवन जैसे नदिया का नीर')
- **द्वितीय पुरस्कार :** रोचिका अरुण शर्मा (चेन्नई) (कहानी - 'स्वदेश')

**कविता पुरस्कार:**

- **प्रथम पुरस्कार :** अतुल चतुर्वेदी (कोटा) (कविता - 'कुछ अवसरिए सियार')
- **द्वितीय पुरस्कार :** कैलाश मनहर (जयपुर) (काव्य कृति - 'यही तो विरल')

**फैक्ट्स फॉर प्रीलिम्स:**

**पंडित झाबरमल शर्मा:-**

- 'पत्रकारिता के भीष्म पितामह' पंडित झाबरमल शर्मा का जन्म जसरापुर (झुँझुनू) में 1880 ई. में हुआ।
- 1905 ई. में पं. दुर्गाप्रसाद मिश्र ने झाबरमल को हिन्दी पत्रकारिता और सम्पादन की शिक्षा दी।
- इन्होंने अनेक पुस्तकों का सम्पादन किया, जिनमें सीकर का इतिहास, खेतड़ी का इतिहास, खेतड़ी नरेश और विवेकानन्द, आदर्श नरेश, श्री अरविन्द चरित, हिन्दी गीता रहस्य सार, आत्म विज्ञान शिक्षा, तिलक गाथा, भारतीय गोधन आदि प्रमुख हैं।




उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## जनवरी, 2026 में आयोजित होने वाले प्रमुख कार्यक्रम

### चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, राजस्थान पर्यटन विभाग द्वारा राजस्थान में तथा राज्य से बाहर जनवरी, 2026 में आयोजित होने वाले प्रमुख पर्यटन कार्यक्रम, कल्चरल और ट्रैवल ट्रेड फेयर की सूची जारी की गई।

पधारो म्हारे देस
RAJASTHAN TOURISM
RAJASTHAN
The Incredible State of India !

### मुख्य बिन्दु:

| क्रम | ईवेंट का नाम | दिनाँक | स्थल |
|---|---|---|---|
| 1. | कोटा हाड़ौती ट्रैवल मार्ट | 2–4 जनवरी | कोटा, राजस्थान |
| 2. | IITM (इंडिया इंटरनेशनल ट्रैवल मार्ट) | 8–10 जनवरी | कोच्चि, केरल |
| 3. | ऊँट महोत्सव | 9–11 जनवरी | बीकानेर, राजस्थान |
| 4. | पतंग महोत्सव | 14 जनवरी | जयपुर, राजस्थान |
| 5. | जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल | 15–19 जनवरी | जयपुर, राजस्थान |
| 6. | TTB (ट्रैवल एंड टूरिज़्म बिज़नेस) | 15–17 जनवरी | कोलकाता, पश्चिम बंगाल |
| 7. | TTJ (ट्रैवल एंड टूरिज़्म जर्नी) | 16–17 जनवरी | पुणे, महाराष्ट्र |
| 8. | नागौर पशु मेला | 24–27 जनवरी | नागौर, राजस्थान |
| 9. | बेणेश्वर मेला | 28 जनवरी–1 फरवरी | डूँगरपुर, राजस्थान |
| 10. | डेज़र्ट फेस्टिवल | 30 जनवरी–1 फरवरी | जैसलमेर, राजस्थान |
| 11. | RIFF (राजस्थान इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल) | 31 जनवरी–4 फरवरी | जोधपुर, राजस्थान |



UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# ✂️ न्यूज़ इन शॉर्ट्स ⚡

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **राजस्थान डिजिफेस्ट टाई ग्लोबल समिट-2026 के मुख्य सत्र और मुख्य वक्ता (05/01/2026)**<br>■ **लीडरशिप बियॉण्ड लेबल्स:** वीमन, पावर एंड पब्लिक सर्विस : पूर्व केंद्रीय मंत्री श्रीमती स्मृति ईरानी।<br>■ डेस्टिनेशन मध्य प्रदेश – इंडियाज नेक्स्ट प्लेटफ़ॉर्म फ़ॉर स्केलेबल टेक एंड इनोवेशन : मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव।<br>■ **नो फियर, नो लिमिट्स:** लेसन्स फ्रॉम द वर्ल्ड्स मोस्ट एग्रेसिव ओपनर : पूर्व भारतीय क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग। |
| 2. | **राष्ट्रीय (जूनियर) घुड़सवारी प्रतियोगिता**<br>■ दिल्ली कैंट स्थित आर्मी पोलो एंड राइडिंग सेंटर में आयोजित जूनियर राष्ट्रीय घुड़सवारी प्रतियोगिता में जयपुर की दीया शर्मा, दिवजोत कोरे, सिद्धार्थ दत्ता, अर्जुन मल्लाया, कृष्णा गेलोट, हनीशा गुप्ता और तनीशा गुप्ता ने पदक जीते।<br>■ इन खिलाड़ियों ने 2 स्वर्ण, 2 रजत और 3 कांस्य सहित कुल 7 पदक जीते। |
| 3. | **17वीं जूनियर रोलबॉल राष्ट्रीय चैंपियनशिप में राजस्थान**<br>■ जम्मू के MA स्टेडियम में आयोजित 17वीं जूनियर रोलबॉल राष्ट्रीय चैंपियनशिप में राजस्थान ने स्वर्ण पदक जीता।<br>■ **आयोजक :** जम्मू खेल परिषद व रोल बॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया।<br>■ ज्ञातव्य है कि राजस्थान जूनियर टीम विगत 5 वर्ष से इस टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक जीत रही है।<br>■ फाइनल में राजस्थान की टीम ने उत्तर प्रदेश को 5-0 के स्कोर से हराकर स्वर्ण पदक जीता। |



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| 4. | **जोधपुर में 'राज्य स्तरीय महिला उद्यमी सम्मेलन'**<br>■ 04 जनवरी, 2026 को 'पश्चिमी राजस्थान उद्योग हस्तशिल्प उत्सव–2026' के अंतर्गत 'राज्य स्तरीय महिला उद्यमी सम्मेलन' का आयोजन किया गया।<br>■ **आयोजक :** जोधपुर जिला प्रशासन, लघु उद्योग भारती, जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र तथा उद्यम प्रोत्साहन संस्थान।<br>■ **सम्मेलन की मुख्य अतिथि :** उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी। |
| 5. | **राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह**<br>■ राजस्थान में परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग द्वारा 1 से 31 जनवरी, 2026 तक 'राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह' का आयोजन किया गया। |
| 6. | **सरस राजसखी राष्ट्रीय मेला में 3 व्यक्तित्व सम्मानित**<br>■ राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद् (राजीविका) द्वारा जवाहर कला केंद्र (जयपुर) में आयोजित 'सरस राजसखी राष्ट्रीय मेला – 2025' में योगदान देने वाले 3 व्यक्तियों को राजस्थान सरकार की ओर से सम्मानित किया गया।<br>■ सम्मानित होने वालों में उद्यमी आस्था जैन अग्रवाल, डिजिटल और मीडिया आउटरीच में सक्रिय भूमिका निभाने वाले दिलीप राठौड़, क्रिएटिव और पब्लिक एंगेजमेंट के जरिए मेले की पहुँच बढ़ाने वाले विश्वजीत शेखावत शामिल रहे।<br>■ **आयोजन :** 18 दिसंबर, 2025 से 4 जनवरी, 2026 तक। |
| 7. | **राजस्थान स्टेट सीनियर शूटिंगबॉल चैम्पियनशिप**<br>■ 2 से 4 जनवरी, 2026 तक सीकर में 'राजस्थान स्टेट सीनियर शूटिंगबॉल चैम्पियनशिप' का आयोजन किया गया।<br>■ **विजेता पुरुष वर्ग :** गंगानगर ने जयपुर को हराया।<br>■ **विजेता महिला वर्ग :** अजमेर ने जयपुर को हराया। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| **8.** | **सोलहवीं विधानसभा का पंचम सत्र**<br>■ **सोलहवीं राजस्थान विधानसभा के पंचम सत्र की शुरुआत 28 जनवरी, 2026 से होगी।**<br>■ **इस सत्र में राज्य का वित्त वर्ष 2026-27 का बजट प्रस्तुत किया जाएगा।** |
| **9.** | **69वीं नेशनल स्कूल गेम्स हॉकी (अंडर-19 बॉयज) चैंपियनशिप**<br>■ **12 से 17 जनवरी, 2026 तक उदयपुर में 69वीं नेशनल स्कूल गेम्स हॉकी (अंडर-19 बॉयज) चैंपियनशिप का आयोजन किया जाएगा।**<br>■ **इस चैंपियनशिप में देशभर से 44 टीमें भाग लेंगी।** |

UTKARSH CIVIL SERVICES



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य

## वेनेज़ुएला की नई राष्ट्रपतिः डेल्सी रोड्रिगेज़

### चर्चा में क्यों?



- वेनेज़ुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को अमेरिकी सैन्य अभ्यास के तहत् न्यूयॉर्क में मादक पदार्थों से संबंधित मामले में हिरासत में लिया है।
- वेनेज़ुएला की सुप्रीम कोर्ट ने उपराष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज़ को कार्यवाहक/ अंतरिम राष्ट्रपति का कार्यभार संभालने का आदेश दिया है।
- 5 जनवरी, 2026 को डेल्सी रोड्रिगेज़ ने शपथ ली।
- हाल ही में , वेनेज़ुएला सरकार ने देश में बाहरी हस्तक्षेप के विधान की घोषणा की है, जिसमें राष्ट्रपति को व्यापक शक्तियाँ प्रदान की गई है।

### मुख्य बिन्दु:

**डेल्सी रोड्रिगेज़:**

- रोड्रिगेज़ वर्ष 2018 से उपराष्ट्रपति के रूप में कार्यरत थी और वेनेज़ुएला की तेल पर निर्भर अर्थव्यवस्था और खुफिया सेवा का निरीक्षण करती थी।
- वर्ष 2014 से 2017 के मध्य डेल्सी ने विदेश मंत्री के रूप में भी कार्य किया है।
- **मोनरो सिद्धांत:** अमेरिका के अनुसार निकोलस मादुरो को मोनरो सिद्धांत के आधार पर हिरासत में लिया है।
- **घोषणा:** संयुक्त राज्य अमेरिका के 5वें राष्ट्रपति जेम्स मोनरो द्वारा 2 सितंबर, 1823 को।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **परिचय :** मोनरो सिद्धांत अमेरिकी विदेश नीति का एक सिद्धांत है जो यह दावा करता है कि पश्चिमी गोलार्द्ध संयुक्त राज्य अमेरिका का अनन्य प्रभाव क्षेत्र है, और किसी भी बाहरी (विशेषकर यूरोपीय) हस्तक्षेप को अमेरिका के विरुद्ध शत्रुतापूर्ण कार्यवाही माना जाएगा।
- जनवरी, 2026 में, अमेरिकी सेना द्वारा निकोलस मादुरो की हिरासत के बाद राष्ट्रपति ट्रम्प ने इस अभियान को मोनरो सिद्धांत का आधुनिक अद्यतन बताया।

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिंदु:**

**वेनेज़ुएला:**

- **अवस्थिति:** दक्षिणी अमेरिका में एक संघीय बहुदलीय गणराज्य है।
- **सीमाएँ:** इसकी उत्तरी तटरेखा केरेबियन सागर और अटलांटिक महासागर से लगती है। (गुयाना, ब्राजील और कोलंबिया से सीमा साझा करता है।)
- **राजधानी :** काराकास

**मुख्य विशेषताएँ:**

1. **गुयाना हाइलैंड्स :** दक्षिण-पूर्व में स्थित प्राचीन क्रिस्टलीय ऊँचे- भू-भाग जिनमें टैपुई और एंजेल फॉल्स (विश्व का सबसे ऊँचा जलप्रपात) भी शामिल है।
2. **माराकाइलो झील:** प्रमुख तेल उत्पादक क्षेत्र।
3. **लानोस मैदान:** ओरिनोको नदी किनारे अवस्थित विशाल उष्ण-कटिबंधीय मैदान (पशुपालन व हाइड्रोकार्बन हेतु महत्त्वपूर्ण)
4. **एंडीज पर्वत :** उत्तर-पश्चिम में (कॉर्डिलेरा की मेरिडा), जिसमें बोलिवर पीक भी शामिल है।


UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# क्रिप्टोकरेंसी और तुर्कमेनिस्तान

## चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, तुर्कमेनिस्तान ने क्रिप्टोकरेंसी माइनिंग और एक्सचेंज को कानूनी मान्यता प्रदान की हैं।



## मुख्य बिन्दु:

- नए कानून के तहत् क्रिप्टो एसेट्स को सिविल क़ानून के दायरे में लाया गया है।
- क्रिप्टो एक्सचेंज को सेंट्रल बैंक से लाइसेंस लेना अनिवार्य कर दिया है।
- यह कानूनी जनवरी, 2026 से क्रिप्टोकरेंसी माइनिंग व एक्सचेंजों को वैधता प्रदान करता है।
- **NOTE :** क्रिप्टोकरेंसी को कानूनी मुद्रा/ प्रतिभूति का दर्जा नहीं दिया गया है।

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिंदु :**

- **तुर्कमेनिस्तान की अर्थव्यवस्था:** निर्यात् पर अत्यधिक निर्भरता।
- तुर्कमेनिस्तान, विश्व का चौथा सबसे बड़ा प्राकृतिक गैस भंडार रखता है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## क्रिप्टोकरेंसी:

- **परिचय:** एक डिजिटल या वर्चुअल मुद्रा जो सुरक्षा के लिए क्रिप्टोग्राफी का उपयोग करती है।
- यह विकेन्द्रीकृत मृदा है अर्थात् यह किसी सरकार या संस्था द्वारा विनियमित व नियंत्रित नहीं है।

### प्रमुख उदाहरण:

1. बिटकॉइन (आविष्कार : वर्ष 2009 में सातोशीनाकामोतो द्वारा अविष्कृत पहली क्रिप्टोकरेंसी
2. एथेरियम (विकेन्द्रीकृत ओपनसोर्स ब्लॉकचेन प्लेटफार्म)
3. लाइटकॉइन (LTC) (ओपन सोर्स सॉफ्टवेयर एवं पीयर टू पीयर क्रिप्टोकरेंसी)
4. रिपल (सीमा पार भुगतान हेतु प्रोटोकॉल पर आधारित)

- सुरक्षित, क्रिप्टोकरेंसी से जुडे लेन-देन को ब्लॉकचेन नामक एक सार्वजनिक डिजिटल बहीखाते में दर्ज किया जाता है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी

## पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय : वर्ष 2025 की समीक्षा

### चर्चा में क्यों?

- पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने अपनी वर्ष 2025 समीक्षा में पर्यावरण संरक्षण, जलवायु और संस्थागत सुधारों में भारत की प्रमुख उपलब्धियों का विवरण दिया है।




### मुख्य बिन्दु:

1. **वन संरक्षण और हरित आवरण:** FAO, 2025 के अनुसार भारत वन क्षेत्र के मामले में वैश्विक स्तर पर 9वें स्थान पर है।
   - वार्षिक शुद्ध वन वृद्धि के मामले में भारत वैश्विक स्तर पर तीसरे स्थान पर है।
2. **वन्यजीव संरक्षण:** नया माधव बाघ अभयारण्य (मध्यप्रदेश) में घोषित किया गया


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- 6th अखिल भारतीय बाघ अनुमान शुरू किया गया।
- हाथी अभयारण्यों की संख्या वर्ष 2025 तक बढ़कर 33 हो गई है।
- संरक्षित क्षेत्रों की संख्या-1134
- सामुदायिक आरक्षित क्षेत्रों की संख्या - 309
- प्रोजेक्ट चीता : इस प्रोजेक्ट के तहत् चीतों की कुल संख्या 30 हो गई है।
- 5 राष्ट्रीय स्तर की परियोजनाएँ - प्रोजेक्ट डॉल्फ़िन-चरण II, स्लॉथ बियर, घड़ियाल, मानव वन्यजीव संघर्ष प्रबंधन के लिए उत्कृष्टता केन्द्र और टाइगर रिज़र्व के बाहर बाघ पर एक परियोजना शुरू की गई।

3. **तटीय, आर्द्रभूमि और मैंग्रोव संरक्षण:** मिष्टी योजना के तहत् वर्ष 2025 में 4536 हेक्टेयर मैंग्रोव की पुर्नस्थापना की गई।

- वर्ष 2025 में 11 नवीन रामसर स्थल जोड़े गए है, जिससे भारत में कुल रामसर स्थलों की संख्या 96 हो गई है।
- एशिया में सर्वाधिक रामसर स्थल भारत में अवस्थित है तथा उदयपुर और इंदौर को भारत के पहले रामसर आर्द्रभूमि शहर के रूप में नामित किया गया है।
- 2025-26 तक 18 समुद्र तटों को ब्लू फ्लैग समुद्र तटों के रूप में, प्रमाणित किया गया है।

4. **जलवायु परिवर्तन :** गैर जीवाश्म ईंधन से स्थापित क्षमता जून, 2025 में 50% से अधिक हो गई है, जो निर्धारित समय (वर्ष 2030) से 5 वर्ष पहले हैं।

- कार्बन क्रेडिट ट्रेडिंग योजना (CCTS) का शुभारंभ किया गया है।

5. **वायु गुणवत्ताऔर शहरी पर्यावरण:** 103 शहरों में PM-10 के स्तर में कर्म दर्ज की गई।

- नगर वन योजना के तहत् वर्ष 2025 में 75 परियोजनाओ को मंजूरी प्रदान की गई है।



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# विज्ञान प्रौद्योगिकी

## सुर्यास्त्र रॉकेट प्रणाली

### चर्चा में क्यों?

- भारतीय सेना ने NIBE लिमिटेड के साथ एलबिट सिस्टम के सहयोग से 293 करोड़ रुपये का आपातकालीन खरीद अनुबंध किया है।
- इस अनुबंध के तहत् 300 km तक की मारक क्षमता वाले लंबी दूरी के सार्वभौमिक प्रक्षेपणक सुर्यास्त्र रॉकेट प्रणाली को शामिल किया जाएगा।



### मुख्य बिन्दु:

- परिचय: भारत का पहला स्वदेशी सार्वभौमिक बहु कैलिबर लंबी दूरी का रॉकेट प्रक्षेपणक तंत्र है।
- यह 150 km की मारक क्षमता पर सतह से सतह पर वार करने में सक्षम है।
- निर्माण: NIBE लिमिटेड (भारत)
- सहायता: एलबिट् सिस्टम्स द्वारा।
- आधार: इजराइली पल्स (प्रिसाइज एंड यूनिवर्सल लॉन्चिंग सिस्टम) पर आधारित। (प्रौद्योगिक सहयोग समझौते; जुलाई, 2025 के तहत्)
- उद्देश्य : भारतीय सेना की डीप स्ट्राइक और स्टैंड-ऑफ फायर पावर, को बढ़ाने हेतु।
- रेंज: 150 km से 300 km तक।
- महत्व: पिनाका से अधिक क्षमता, प्रतिरोधकता में वृद्धि तथा संयुक्त मारक क्षमता।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# आर्थिक परिदृश्य

## धान उत्पादन : भारत वैश्विक स्तर पर सबसे बड़ा उत्पादक

### चर्चा में क्यों?

- केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के अनुसार भारत 150.18 मिलियन टन चावल उत्पादन के साथ चीन को पीछे छोड़ते हुए विश्व का सबसे बड़ा चावल उत्पादक देश बन गया है।




### मुख्य बिन्दु:

- **वैश्विक रैंकिंग:**

| रैंक | देश | योगदान |
|---|---|---|
| Ist | भारत | 150.18 मिलियन टन (28%) |
| IInd | चीन | 145.28 मिलियन टन (27%) |
| IIIrd | बांग्लादेश | 36.7 मिलियन टन (36.7%) |
| IVth | वियतनाम | 34.1 मिलियन टन (6%) |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **NOTE -** भारत 2024-25 में वैश्विक चावल निर्यात में 30-3% हिस्सेदारी के साथ विश्व का सबसे बड़ा चावल निर्यातक देश है।
- **राज्यवार रैंकिंग:** वर्ष 2023-24 आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार –

| रैंक | राज्य | योगदान (लगभग) |
|---|---|---|
| $I_{st}$ | तेलंगाना | 12.17% |
| $II_{nd}$ | उत्तरप्रदेश | 11.50% |
| $III_{rd}$ | पश्चिम बंगाल | 11.06% |

**चावल:**

- **फसल :** खरीफ की फसल
- **जलवायु :** आर्द्र व गर्म जलवायु (उष्णकटिबधीय)
- **औसत वार्षिक वर्षा :** 150 cm
- **मृदा :** दोमट मिट्टी (नदी घाटियाँ, बाढ़ के मैदान, डेल्टा, तटीय मैदान)


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# महत्त्वपूर्ण दिवस

## विश्व ब्रेल दिवस: 4 जनवरी

### चर्चा में क्यों?

- प्रतिवर्ष 4 जनवरी को लुई ब्रेल के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में विश्व ब्रेल दिवस मनाया जाता है।




### मुख्य बिन्दु:

- **भारत में ब्रेल लिपि:** भारत में ब्रेल लिपि का आगमन वर्ष 1887 में हुआ हालांकि वर्ष 1951 में भारती ब्रेल को एकमात्र मानक के रूप में स्वीकार किया गया।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **'ब्रेल लिपि:** खेल एक स्पर्शजन्य (छू कर लिखने और पढ़ने) लेखन और पठन प्रणाली है, जिसका उपयोग उन लोगों द्वारा किया जाता है जो दृष्टबाधित हैं या जिनकी दृष्टि कमजोर है। यह 6 बिदुओं वाले एक सेल पर आधारित होती है, जिसमें 3-3 बिंदुओं की दो पंक्तियाँ होती है। उभरे हुए इन बिंदुओं के विभिन्न संयोजन अक्षरों, संख्याओं, विराम चिह्नों और प्रतीकों को दर्शाते हैं, जिससे यूजर्स स्पर्श के माध्यम से पढ़ने में सक्षम होते हैं।

**मानक भारती ब्रेल कोड :**

- **प्रकाशन :** 4 जनवरी, 2025
- **प्रकाशक :** दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग और राष्ट्रीय दृष्टि दिव्यांगजन सशक्तीकरण संस्थान।
- **उद्देश्य:** शिक्षा और एक्सेसिबिलिटी के लिए भारतीय भाषाओं में एक समान खेल प्रणाली को आधिकारिक रूप में अपनाना।

**सुगम्य भारत अभियान:**

- **शुरुआत :** वर्ष 2015
- **विभाग :** दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग (DEPWD)
- **उद्देश्य:** दृष्टिबाधित व्यक्तियों सहित सभी दिव्यांगजनों के लिए एक बाधा मुक्त और समावेशी वातावरण बनाना।
- दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 में अधिनियमित किया गया।



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# खेल

## मनोज कोठारी : निधन

### चर्चा में क्यों?

- भारत के पूर्व विश्व बिलियर्ड्स चैम्पियन और टीम इंडिया के मुख्य कोच मनोज कोठारी का निधन हो गया है।



### मुख्य बिन्दु:

- संबंध: तमिलनाडु
- कोठारी ने वर्ष 1990 में विश्व चैंपियनशिप जीती थी।
- वर्ष 2005 में इन्हें मेजर ध्यानचंद पुरस्कार प्रदान किया गया था।
- मनोज कोठारी के पुत्र सौरव कोठारी ने भी विश्व चैंपियनशिप जीती थी।
- यह विश्व की एकमात्र ऐसी पिता-पुत्र की जोड़ी है, जिसने एक ही खेल में विश्व खिताब जीता है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# ✂️ न्यूज़ इन शॉर्ट्स ⚡

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **शोर्ड मारिन : हॉकी**<br>▪ हॉकी इंडिया ने शोर्ड मारिन को भारतीय महिला हॉकी टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया।<br>▪ यह मारिन का दूसरा कार्यकाल है (पहला, वर्ष 2017 से 2021)<br>▪ डच कोच मारिन के नेतृत्व में भारत ने टोक्यो ओलंपिक, 2020 में चौथा स्थान हासिल किया था। |
| 2. | **मिनी अर्थ ऑब्जर्वेशन सैटेलाइट**<br>▪ हैदराबाद के स्टार्टअप टेकमी 2 स्पेस और EON स्पेस लैब ने 14 kg का मिनी अर्थ ऑब्जर्वेशन सैटेलाइट का विकास किया है।<br>▪ नाम: MoI-1<br>▪ लॉन्च: इसरो के PSLV से लॉन्च किया जाएगा।<br>▪ 500 km ऊँचाई पर लो अर्थ ऑबिट में कार्य करेगा। |
| 3. | **संजय टाकले**<br>▪ डकार रैली, 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए संजय टाकले ने भारतीय मोटरस्पोर्ट में महत्त्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की।<br>▪ इन्होंने रैली के शुरुआती दौर में उच्च औसत गति वाले ग्रुप $H_3$ पहला स्थान और कार श्रेणी में 35वाँ स्थान हासिल किया। |
| 4. | **रिज़र्व बैंक और दिल्ली सरकार के मध्य समझौता ज्ञापन**<br>▪ दिल्ली सरकार ने भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इससे पहली बार राष्ट्रीय राजधानी, RBI की पूर्ण बैंकिंग, नगदी प्रबंधन और ऋण ढाँचे के तहत् आ गई है। |



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| | **प्रभाव समझौता:**<br>■ यह समझौता RBI को दिल्ली सरकार के बैंकर, ऋण प्रबंधक और वित्तीय एजेंट के रूप में कार्य करने को सक्षम बनाएगा।<br>■ यह राज्य विकास ऋण के ज़रिए बाजार से उधार लेने, अधिशेष धनराशि का स्वत: निवेश, पेशेवर नगदी प्रबंधन और कम लागत वाली तरलता की सुविधाओं तक पहुँच को आसान बनाएगा। |
| 5. | **‘खुत्बात-ए-मोदी' पुस्तक**<br>■ **विमोचन:** शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान<br>■ **विषय:** प्रधानमंत्री द्वारा वर्ष 2014 से 2025 के मध्य लाल किले से दिए गए स्वतंत्रता दिवस भाषणों का संकलन है।<br>■ **प्रकाशक:** 'राष्ट्रीय उर्दू भाषा संवर्धन परिषद्, नई दिल्ली। |
| 6. | **सौर सेल अंशांकन मानक सुविधा : भारत, विश्व में पाँचवाँ देश**<br>■ भारत, सौर सेल अंशांकन मानक सुविधा स्थापित करने वाला विश्व का पाँचवाँ देश बन गया है।<br>■ **सौर सेल अंशांकन मानक सुविधा (Solar Calibration Standard facility) :** एक ऐसी अत्याधुनिक प्रयोगशाला है जो सौर ऊर्जा उपकरणों (जैसे- सोलर पैनल) की दक्षता और प्रदर्शन को सटीक रूप से मापने और प्रमाणित करने के लिए राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मानकों को स्थापित करती है। |
| 7. | **मोरी-5 कुएं से गैस रिसाव**<br>■ आंध्रप्रदेश के कोनासीमा जिले में ONGC द्वारा संचालित एक कुएं में गैस रिसाव हुआ।<br>■ **अवस्थिति:** झरसुमंदा गाँव (आंध्रप्रदेश) में कृष्णा-गोदावरी बेसिन में स्थित है। |


UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR